देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 13 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
सामाजिक–आर्थिक सवाल



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 5 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 17.0°

27590.95

2 कोरोना से ज्यादा कट्टरपंथियों से परेशान

7 भारत का वो 'कंजूस' बोलर....

## संक्षिप्त समाचार

### आओ दीया जलाएंः पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पीएम मोदी ने हाल ही में सभी देशवासियों से आग्रह किया था कि 5 अप्रैल यानी रविवार को सभी लोग रात को 9 बजे 9 मिनट तक दिया या मोमबत्ती लेकर अपने दरवाजे या बालकनी में खड़े हों। साथ ही उन्होंने इस दौरान घर की लाइटें बंद रखने के लिए भी कहा था। अब पीएम मोदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें लिखा है– आओ दीया जलाएं। अटल बिहारी वाजपेयी का ये वीडियो दीया जलाने को लेकर ही है। इसमें उन्होंने एक कविता सुनाई है– आओ फिर से दीया जलाएं।

### चीन ने पाक को दिया धोखा, भेज दिए अंडरवेयर से बने मास्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कोरोना वायरस से जंग लड़ रहे पाकिस्तान को उसके सदाबहार मित्र चीन ने ही धोखा दे दिया है। दरअसल, चीन ने मेडिकल सप्लाई भेजने का वादा किया था और जब चीन से आए सामानों को खोलकर देखा गया तो पता चला कि एन–95 मास्क की जगह अंडरवेयर से बने मास्क पाकिस्तान को पकड़ा दिए गए हैं। यूरोप के कई देशों ने भी इससे पहले शिकायत की थी कि चीन से भेजे गए मास्क और किट खराब गुणवत्ता के हैं। स्पेन और नीदरलैंड्स ने तो मेडिकल सप्लाई वापस करने का भी फैसला कर लिया।

### जमातियों को तो गोली से उड़ा देना चाहिए: राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने तबलीगी जमात के लोगों को लेकर शनिवार को विवादित बयान दिया है। कोरोना के संदेह में क्वारंटीन किए गए जमातियों के महिला मेडिकल स्टाफ के साथ कथित अभद्रता पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकरे ने कहा कि ऐसे लोगों को गोली मार देना चाहिए। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी से इस मसले पर चुप्पी तोड़ने के लिए कहा।

# कोरोना की चपेट में भगवान के दूत

## गंगाराम में 108 मेडिकल स्टाफ क्वारंटीन

कोरोना वायरस से संक्रमित दो मरीजों के संपर्क में आए

### तीन हजार के करीब पहुंचा संक्रमण का आंकड़ा, अब तक 68 मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के संक्रमित मरीजों के इलाज में जुटे डॉक्टर, नर्सेज और मेडिकल स्टाफ भी अब इस महामारी की चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली और मुंबई के चार डॉक्टर और दो नर्सेज के बाद अब ताजा मामला दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल से सामने आया है। यहां कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने के कारण डॉक्टर्स और नर्सेज सहित 108 मेडिकल स्टाफ को क्वारंटाइन कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि ये लोग कोरोना वायरस से संक्रमित दो मरीजों के संपर्क में आए थे। इन मरीजों की दूसरी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। अस्पताल के 108 स्टाफ में से 85 को घरों में जबकि 23 अन्य को अस्पताल में क्वारंटाइन किया गया है। इन लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हालांकि अभी तक इनमें से किसी के भी कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि नहीं हो पाई है।



नई दिल्ली। कोरोना का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में इस खतरनाक वायरस के अब तक 2902 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। इस बीमारी से 184 लोग ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुल 55 विदेशी भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। अब तक 68 मरीजों ने कोरोना से जान गंवाई है। भारत सरकार की तरफ से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है, फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं।

**बीमारी के इलाज के लिए आए थे अस्पतालः** जानकारी के मुताबिक, गंगाराम में दोनों मरीज किसी और बीमारी के इलाज को आए थे। तब उनमें कोरोना के लक्षण नहीं दिख रहे थे। लेकिन अस्पताल ने एहतियात के तौर पर उनका टेस्ट करवाया, इस टेस्ट में दोनों पॉजिटिव आए।

**दिल्ली और मुंबई के चार डॉक्टर और दो नर्सेज संक्रमित**

बुधवार को दिल्ली और मुबंई के चार डॉक्टर और दो नर्सेज कोरोनावायरस से संक्रमित पाए गए। इनमें से दो मामले दिल्ली के सफदरजंग और एक सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल का है।

### एडवाइजरीः लोगों से घर में बने मास्क पहनने को कहा

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आज देशव्यापी लॉकडाउन के दसवें दिन केंद्र सरकार ने शनिवार को एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें लोगों से घर में बने फेस मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

खासकर ऐसे वक्त में जब वे अपने घरों से बाहर निकलते हैं ताकि कोरोना वायरस के प्रसार पर अंकुश लगाया जा सके। मुंह और हाथ के लिए होममेड प्रोटेक्टिव कवर के इस्तेमाल पर जारी एक सलाह में सरकार ने कहा कि ऐसे मास्क के इस्तेमाल से बड़े पैमाने पर समुदाय की रक्षा करने में मदद मिलेगी और कुछ देशों ने आम जनता के लिए घर के बने फेस मास्क से फायदा का दावा भी किया है।

### स्थानीय लोगों की जान ले रहे थे हिज्बुल आतंकी

# सेना ने एनकाउंटर में 4 आतंकियों को किया ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के कुलगाम में शनिवार सुबह ढेर किए गए 3 आतंकियों ने बीते 12 दिनों में घाटी के चार स्थानीय नागरिकों की हत्या की थी। कश्मीर के अलग–अलग स्थानों पर आम लोगों को निशाना बनाने वाले ये तीनों आतंकी हिज्बुल मुजाहिदीन के थे, जिन्हें खोजने के लिए सेना और पुलिस की कई टीमों को लगाया गया था।

शनिवार को इन सभी के कुलगाम के एक गांव में छिपे होने की जानकारी के बाद ही, यहां बड़ा तलाशी अभियान चलाया गया था।

### मिले थे कुलगाम में छिपे होने के इनपुट

घाटी में स्थानीय नागरिकों की हत्या की कई वारदातों के बाद पुलिस इनकी तलाश कर रही थी। इन वारदातों में 3–4 आतंकियों के एक दल के शामिल होने का शक था, जिसके कुछ सदस्यों के कुलगाम में छिपे होने की सूचना मिली थी।

कुलगाम के मंजगाम में हुई मुठभेड़ के बाद मीडिया से बात करते हुए राज्य पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि एनकाउंटर में ढेर किए गए तीनों आतंकी हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े हुए थे।

**सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई थी फायरिंग**

इस इनपुट के बाद तत्काल सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू–कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को मौके पर भेजा गया। इन जवानों ने यहां पर एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया और इसी के बीच ही आतंकियों ने फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की।

सुरक्षाबलों ने इसके बाद काउंटर ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें 4 आतंकियों को मार गिराया गया। मारे गए आतंकियों के पास से पुलिस ने एके–47 समेत कई अन्य सामान बरामद किए हैं।

### आईएमएफ ने कहा मंदी की शुरुआत हो चुकी है

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि कोरोना के कारण वैश्विक मंदी की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि 2020 की मंदी 2008 में आए वित्तीय संकट से ज्यादा गंभीर है। उन्होंने कहा कि यह दोहरा संकट है। यहां आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों समस्याएं गंभीर हैं। जॉर्जीवा ने कहा कि दुनियाभर में कोविड–19 से लड़ाई के बीच जीवन बचाने और आजीविका की रक्षा पर साथ में काम किए जाने की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में 10 लाख से अधिक लोग दुनियाभर में कोविड–19 संक्रमण से संक्रमित हुए हैं, जिनमें से 50 हजार से अधिक व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई है। 21 दिनों के कोरोना लॉकडाउन के कारण पूरे देश में सबकुछ बंद है। भारत एक ऐसा देश है जहां सैलरीड रोजगार काफी कम है। यहां दिहाड़ी और टेम्परी वर्कर्स की संख्या काफी ज्यादा है।

# कोरोना से लड़ाई में सीएम योगी का स्वदेशी दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कोरोना से लड़ाई के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्वदेशी मंत्र के तहत एक बड़ा फैसला लिया। अपने आवास पर कोरोना वायरस को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा करने के मद्देनजर सीएम योगी ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीएम योगी ने खादी से मास्क बनाने का आदेश जारी किया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में खादी से 46 करोड़ स्पेशल मास्क बनाए जाएं। ये मास्क ट्रिपल लेयर होंगे और गरीबों को मुफ्त में दिए जाएंगे। इनकी खास बात यह होगी कि इन्हें धोकर फिर से इस्तेमाल किया जा सकेगा। आम जनता के लिए ये मास्क मामूली कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे। सीएम ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता को लॉकडाउन में किसी भी तरह की कमी न हो, उन्हें हर जरूरी चीज आसानी से उपलब्ध होती रहे।

### बनाएगी 46 करोड़ खादी के मास्क, गरीबों को मुफ्त में देगी

सीएम योगी ने खाना और राशन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने जिलाधिकारियों से कहा कि किसी भी हालत में लोगों को समय पर भोजन और राशन पहुंचाया जाए। अगर किसी जिले में लापरवाही हुई तो वहां के जिलाधिकारी की ही जिम्मेदारी होगी।

# 15 अप्रैल से ट्रेनें चलाने की तैयारी में रेलवे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रेलवे ने कोरोना वायरस के कारण यात्री ट्रेनों को 21 दिन तक स्थगित करने के बाद 15 अप्रैल से अपनी सभी सेवाएं बहाल करने की सभी तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि रेलवे ने सभी सुरक्षा कर्मियों, स्टाफ, गार्ड, टीटीई और अन्य अधिकारियों को 15 अप्रैल से अपने–अपने कार्यस्थलों पर लौटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। ट्रेनों का संचालन सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद ही शुरू होगा। फिलहाल रेलवे के

### प्राइवेट ट्रेन का भी संचालन शुरू होगा, बुकिंग शुरू

ट्रेनों के साथ साथ प्राइवेट ट्रेनों में अडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है।

सूत्रों ने बताया कि सभी 17 जोनों को अपनी–अपनी सेवाएं संचालित करने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया गया है। 15 अप्रैल से करीब 80 प्रतिशत ट्रेनों के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलने की संभावना है जिनमें राजधानी, शताब्दी, दुरंतो ट्रेनें शामिल हैं। स्थानीय ट्रेनों की सेवाएं भी चालू हो सकती हैं।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in